# अमेरिका और ब्रिटेन ₹4.07 लाख करोड़ का करेंगे निवेश

## 5.60 लाख लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट(जीआईएस) से पहले हुए रोड शो में उत्तर प्रदेश सरकार को अमेरिका और इंग्लैंड से 4 लाख 7 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना और विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह की अगुआई में गए यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने 21 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया। ये निवेश आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, डेयरी, फूड प्रोसेसिंग, कृषि, पर्यटन, शिक्षा के क्षेत्र में किया जाएगा। विदेश दौरे से लौटे वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बड़ी संख्या में निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करना चाहते हैं।

### इन कंपनियों के साथ हुआ एमओयू

यूवी इंटरनैशनल ने ₹1000 करोड़ का निवेश करने के लिए एमओयू साइन किया है। कंपनी वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक के सेक्टर में निवेश करेगी। वहीं, सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने ₹480 करोड़ के निवेश के लिए एमओयू साइन किया है। ऑस्टिन ग्रुप ने ₹58,100 करोड़ निवेश के लिए करार किया है। सिफी इंटरनैशनल ₹8,300 करोड़ का निवेश कर डेटा सेंटर का निर्माण करेगी। वेस्ट वे ट्रकिंग लॉजिस्टिक, बीपीओ और ट्रेनिंग सेंटर बनाने पर ₹1,000 करोड़ का निवेश करेगी। इसके अलावा इंडिया हेल्थ लिंक ने ₹1,000 करोड़ और इंडस सेतु ग्लोबल फाउंडेशन ने ₹4,100 करोड़ का निवेश करने के लिए एमओयू साइन किया है। इनफिटी सल्यूशंस ₹1,100 करोड़ का निवेश करेगी। अमेरिका और ब्रिटेन में हुए रोड शो के दौरान जो एमओयू साइन हुए हैं, अगर वो जमीन पर उतरते हैं तो सरकार को उम्मीद है कि इससे 5.60 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।




उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने फ्रांस के उद्यमियों से निवेश पर चर्चा की।

### फ्रांस की कंपनी करेगी ₹1,000 करोड़ का निवेश

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की अगुआई में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को फ्रांस के उद्यमियों से मुलाकात की। इस दौरान पार्टेक्स एनबी ने ₹1,000 करोड़ का निवेश करने के लिए एमओयू साइन किया है। पार्टेक्स एनवी वाराणसी में एक पेशेंट डेटा एक्सचेंज बनाएगी। इसके अलावा ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर, एमएसएमई, डिफेंस, रिन्यूबल एनर्जी, फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टर्स में निवेश पर भी चर्चा हुई। ग्रीन हाइड्रोजन में फ्रांस का एयर लिक्विड ग्रुप और लैपटॉप व टैबलेट असेंबलिंग और वितरण के क्षेत्र में थॉमस कंप्यूटिंग निवेश करेगी।

### सीएम योगी से मिले ब्रजेश पाठक



विदेश दौरे से लौटे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें रिपोर्ट सौंपी। डिप्टी सीएम ने बताया कि मेक्सिको में कृषि, वैकल्पिक ऊर्जा, आईटी क्षेत्र से उद्यमियों से मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय मक्का व गेहूं सुधार केंद्र का दौरा कर वैज्ञानिकों से यूपी में सेंटर खोलने पर चर्चा की। ब्राजील में ब्राजील इंडिया चैंबर और कॉमर्स, एथेनॉल व चीनी उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर को लेकर उद्यमियों से बातचीत की। वहीं, अर्जेंटीना की चॉकलेट, कैंडी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की सबसे बड़े उत्पादक कंपनी आरकोर, आईटी कंपनी ग्लोबैंट, कृषि से जुड़े क्रेसुड, अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो व फुटबॉल बोका क्लब का दौरा कर अध्यक्ष जॉर्ज अमोर अमील से मुलाकात कर यूपी में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

वहीं, विदेश में रोड शो कर लौटे मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 दिसंबर को समीक्षा बैठक करेंगे।